हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

11 बाल भवन में रीडिंग रूम, किताबें बस स्टैंड पर, दो जगह बिखरा...



12 क्रेसण्ट स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुई सजीवता की प्रतीक हरियाली...



**खबर संक्षेप**

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**भट्टूकलां।** भट्टू मंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला ने भट्टू मंडी में बने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे लगी लोहे की सीढ़ी पर फंदा लगाकर जान दे दी। इस बारे सूचना मिलते ही भट्टूकलां पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और महिला की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी गई।

### बालक को पिकअप ने मारी टक्कर, मौत

**रतिया।** शहर में हुए दर्दनाक हादसे में सड़क पार कर रहे एक पांच साल के बच्चे को पिकअप गाड़ी ने टक्कर दे मारी। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रतिया पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक बच्चे को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है।

### दो मकानों से लाखों के आभूषण-नकदी चोरी

**सिरसा।** शहर में वीरवार रात को चोर दो स्थानों में सेंध लगाकर आभूषण और करीब 60 हजार नकदी चुरा कर ले गए। साथ ही दो मोबाइल व अन्य सामान गायब मिला। रात को दोनों ही परिवार घर पर सोए हुए थे। उनको पता तक नहीं चला कि घर में चोरी हो गई। जब सुबह जागे तो सामान बिखरा मिला। यह घटना शमशाबाद पट्टी एरिया का है और दोनों ही मकान पास में हैं। परिवारों ने पुलिस प्रशासन से उनका सामान बरामद करवाने का आग्रह किया है।

## बस स्टैंड से निर्धारित 11 रूटों पर 38 परीक्षा केंद्रों तक उपलब्ध होगी सेवा

# सीईटी परीक्षा आज से, परीक्षार्थियों के लिए चली शटल बस सर्विस

### बस स्टैंड में पांच कलस्टर बनाकर लगाए हेल्प डेस्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने फतेहाबाद में आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए शटल बस सर्विस की व्यवस्था की गई है। ये बसें जिला में निर्धारित किए गए 38 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को लेकर जाएगी और परीक्षा की समाप्ति के बाद वापिस छोड़ेंगी। हरियाणा रोडवेज विभाग द्वारा 90 शटल बस चलाई जा रही है। रोडवेज विभाग ने फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, भट्टू और भूना में पांच कलस्टर बनाए हैं। इसके लिए विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है और सभी स्थानों पर हेल्प डेस्क भी लगाए गए हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि परीक्षर्थियों को बस स्टैंड फतेहाबाद से उनके निर्धातिर परीक्षा केंद्र तक ले जाने और लाने के लिए शटल सेवा के लिए रोडवेज विभाग द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। सुरेंद्र सिंह यातायात प्रबंधक मोबाइल नंबर 98123-21623 तथा सुभाष चंद्र संस्थान प्रबंधक मोबाइल नंबर 94169-88687 को ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है।




**फतेहाबाद।** सीईटी परीक्षार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए हेल्प डेस्क।

### जिलेभर में रूट वाइज शटल बस सुविधा

**रूट नंबर 1:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र बालाजी पब्लिक स्कूल भट्टूकलां और राजकीय महाविद्यालय भट्टूकलां के परीक्षार्थियों को शटल बस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए इंचार्ज बलवंत कुमार इंस्पेक्टर 94667-31317 और बुधराम लिपिक 94164-01090 को सहायता के लिए तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 2:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र अपेक्स स्कूल, सतीश कॉलोनी फतेहाबाद, गांधी विद्या मंदिर स्कूल मिनी बाइपास रोड फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए सुनील मताना इंस्पेक्टर 94165-92966 और सज्जन कुमार लिपिक 98121-98194 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 3:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र एमएसडी स्प्रिंग बेल्स स्कूल बीघड़ रोड फतेहाबाद, पायनियर कॉन्वेंट स्कूल बीघड़ रोड फतेहाबाद, एसबीपी डीएवी सेंटेनरी स्कूल बीघड़ रोड फतेहाबाद तथा सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल बीघड़ रोड फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए गुरदेव सिंह इंस्पेक्टर 94163-31047 और संजीव कुमार लिपिक 73572-02597 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 4:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र आर्यन स्कूल नजदीक फ्लाइओवर फतेहाबाद, पैरामाउंट कॉन्वेंट स्कूल रतिया रोड फतेहाबाद, स्कॉलर कॉन्वेंट स्कूल भूना रोड फतेहाबाद तथा सेट जेवियर पब्लिक स्कूल भूना रोड फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए सुरेंद्र कुमार सब इंस्पेक्टर 94167-88929, सुशील कुमार इंस्पेक्टर 94164-13910 और आजाद सिंह लिपिक 92554-63175 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 5:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र बाल वाटिका स्कूल हिसार रोड नजदीक पुलिस लाइन फतेहाबाद, डीएवी पुलिस स्कूल पुलिस लाइन फतेहाबाद तथा डेफोडिल्स स्कूल मताना रोड पुलिस लाइन फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए शिव दयाल इंस्पेक्टर 94169-26390 और कृष्ण कुमार लिपिक 98128-79502 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 6:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र राजकीय बहुतकनीकी संस्थान धांगड़ फतेहाबाद, जवाहर नवोदय विद्यालय एनएच-9 खारा खेड़ी फतेहाबाद व रॉयल इंटरनेशनल रजिडेंशियल पब्लिक स्कूल खारा खेड़ी फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए श्याम सुंदर इंस्पेक्टर 94166-16322 और तरसेम सिंह लिपिक 62397-09744 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 7:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा फतेहाबाद, शारदा सीनियर सैकेंडरी स्कूल भट्टू रोड फतेहाबाद व सेंट जोहन स्कूल भट्टू रोड भोडिया खेड़ा फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए सुभाष चंद्र इंस्पेक्टर 94165-93698 और वेद प्रकाश इंस्पेक्टर 94661-55821 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 8:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र राजकीय गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल नजदीक वाल्मीकि चौक फतेहाबाद, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल नजदीक बाल भवन फतेहाबाद, श्री राम सेवा समिति सीनियर सैकेंडरी स्कूल नजदीक बड़ा गुरुद्वारा फतेहाबाद व सीनियर सैकेंडरी मॉडल स्कूल मॉडल टाउन फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए सुरेंद्र डेहरू इंस्पेक्टर 98134-63793 और भीम सिंह लिपिक 94666-71121 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 9:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा रोड ओल्ड बिल्डिंग फतेहाबाद, महाराजा अग्रसेन स्कूल सिरसा रोड फतेहाबाद व मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज रतिया रोड फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए अमर नाथ इंस्पेक्टर 94168-48718 और बलजीत कुमार लिपिक 98968-52429 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 10:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र क्रेसेंट पब्लिक स्कूल खैराती खेड़ा रोड फतेहाबाद व माउंट लिटेरा स्कूल सिरसा रोड नजदीक विलेज दरियापुर फतेहाबाद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए श्याम सुंदर सब इंस्पेक्टर 94162-37859 और युग प्रकाश लिपिक 90444-77345 को तैनात किया गया है।

**रूट नंबर 11:** इस रूट पर परीक्षा केंद्र दा ऑलिव स्कूल, गांव खान मोहम्मद के लिए परीक्षार्थियों के लिए शटल निर्धारित की गई है। इसके लिए अशोक कुमार इंस्पेक्टर 94660-31529 को तैनात किया गया है।




**सिरसा।** सीईटी परीक्षा को लेकर स्थापित किए गए हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी।

## सिरसाः 64 परीक्षा केंद्रों पर 59 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

- परीक्षा के लिए तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 और 27 जुलाई को ग्रुप-सी पदों के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) को लेकर जिला प्रशासन द्वारा इस परीक्षा के सफल संचालन व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए हैं। जिला में 64 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें प्रत्येक सत्र में 14750 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सभी चारों सत्र में लगभग 59 हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है। सिरसा से हिसार जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए 414 बसों की व्यवस्था की गई है, जो जिले में बनाए 9 कलस्टर अनुसार दोनों दिन सुबह और शाम के सत्र अनुसार अलग-अलग समय पर रवाना होंगी। परिवहन संबंधी पूछताछ के लिए सिरसा बस स्टैंड में हेल्पडेस्क बनाया गया है। इसके अलावा इंक्वायरी नंबर / हेल्पलाइन नंबर 01666-220866 और डबवाली बस स्टैंड के इंक्वायरी नंबर 01668-226115 से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### परीक्षा केंद्र की लोकेशन संचार साथी मोबाइल एप पर उपलब्ध

**फतेहाबाद।** सीईटी परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों की लोकेशन की जानकारी अब संचार साथी मोबाइल एप पर भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही जिला फतेहाबाद की आधिकारिक वेबसाइट पर जिला में बनाए गए सीईटी परीक्षा केंद्रों की लोकेशन का लिंक दिया गया है। इसके साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी इस वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इस एप के माध्यम से परीक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्र की सटीक लोकेशन देख सकते हैं और लोकेशन के माध्यम से सेंटर तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास रेहड़ी-फड़ी न लगाने का अनुरोध

**फतेहाबाद।** सीईटी परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील भूमिका में है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के दिशा-निर्देशन में शहर में सुगम यातायात, शांतिपूर्ण वातावरण और परीक्षार्थियों की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थानीय रेहड़ी-फड़ी संचालकों से सहयोग की अपील की गई है। पुलिस ने विशेष रूप से 26 और 27 जुलाई को आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के आसपास रेहड़ी-फड़ी न लगाने का अनुरोध किया है।

## सेम समस्या से परेशान किसानों ने मांगा मुआवजा

- किसान सभा की गदली में हुई बैठक, 10 सदस्यीय कमेटी का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भट्टूकलां

अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक भट्टू के गांव गदली में हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान राजबीर सिंह ने की वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त व तहसील कमेटी प्रधान हनुमान सिंह ने भाग लिया। बैठक में जहां सेम सहित किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा की गई वहीं गांव की 10 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें सुरेन्द्र सिंह स्वामी को प्रधान, राजेश कुमार को सचिव, पवन कुमार को कोषाध्यक्ष, साहब राम को सह सचिव, राजबीर सिंह को उप प्रधान तथा रोहतास गोदारा, सोनू, चन्द्रभान, पृथ्वी सिंह व सावित्री देवी को कमेटी सदस्य बनाया गया। गांव की समस्याओं को चिन्हित करते हुए मुख्य वक्ता विष्णुदत्त ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर झूठा ढिंढोरा पीटकर लोगों को गुमराह कर रही है।



**भट्टूकलां।** किसान सभा की गदली गांव में हुई बैठक में भाग लेते किसान।

### प्रमुख मांगें

गांव के लोगों को बुढ़ापा पेंशन, विधवा, विकलांग पेंशन के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है और अनेक तरह की परेशानियां उठानी पड़ती है। किसान सभा मांग करती है कि गांव में बैंक, डाकघर या सोसायटी की शाखा खोली जाएं और इसके माध्यम से पेंशन का भुगतान किया जाए। सेम की समस्या के लिए जो सौर ऊर्जा पम्प लगाए गए है, वो पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज है, इसे तुरंत ठीक करवाया जाए। गांव में पशु चिकित्सालय खोला जाए। उन्होंने कहा कि गांव की कमेटी जल्द ही इन मांगों को लेकर डीसी से मिलेगी और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## राज कनाल के पुलों का जल्द होगा कार्य शुरू

- एसडीएम अर्पित संगल ने राजस्थान के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

डबवाली क्षेत्र में पड़ने वाली इंदिरा गांधी नहर (राज कनाल) के पुलों का जल्द कार्य शुरू किया जाएगा। इसके लिए लगभग 16 करोड़ रुपये तक के टेंडर हो चुके हैं। यह जानकारी राजस्थान के सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम अर्पित संगल को बैठक के दौरान दी। एसडीएम अर्पित संगल ने शुक्रवार को इस नहर के डबवाली एरिया के पुलों की स्थिति व इनके मरम्मत कार्य को लेकर राजस्थान के सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यालय में बैठक की, जिसमें राजस्थान से आए अधिकारियों ने पुलों के निर्माण बारे जानकारी सांझा की।



**सिरसा।** अधिकारियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

### अफीम तस्करी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** शहर थाना सिरसा पुलिस ने सिविल लाइन थाना में एक किलो 524 ग्राम अफीम मामले में वांछित मुख्य तस्कर जसमन को चतरा झारखंड से गिरफ्तार किया है। शहर थाना सिरसा प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि एएसआई जगदीश चंद्र के नेतृत्व में एक पुलिस टीम आरोपी उक्त को गिरफ्तार करने के लिए झारखंड गई थी, जिन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी जसमन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जिला चतरा की अदालत मे पेश करके तीन दिन राहदारी रिमांड प्राप्त करके सिरसा लाया जा रहा है।

**अभियान** पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियो को दिए निर्देश

# अवैध बांग्लादेशी, रोहिंग्या व विदेशी नागरिकों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भारत में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन सर्च अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। जिले में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी, रोहिंग्या व अन्य विदेशी नागरिकों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ऐसे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें कानून के अनुसार डिटेन किया जाए और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें सीमा पार भेजा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी, रोहिंग्या अथवा अन्य विदेशी नागरिकों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो वह तुरंत जारी किए गए नम्बरों से संपर्क कर सूचना साझा कर सकता है।



एसपी सिद्धांत जैन।

### इन नंबरों पर सूचना दे सकेंगे नागरिक

अवैध विदेशी लोगों की जानकारी के लिए आमजन जिला पुलिस द्वारा जारी मोबाइल नंबर 86078-56000, 94660-43148, 93549-04600, 99961-69611, 95181-19232, 94161-03392, 87084-58525, 79884-48477, 99910-58786, 79880-34202, 90500-50064, 81680-07989 पर सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिला पुलिस एवं गुप्तचर विभाग के संयुक्त सहयोग से होटल, धर्मशालाओं, निर्माण स्थलों, गोदामों तथा अस्थायी मजदूर कॉलोनियों में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### यह कार्रवाई सामाजिक संतुलन के लिए आवश्यक

एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि यह कार्रवाई केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एवं सामाजिक संतुलन की दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि गुप्तचर विभाग की सहायता से जिलेभर में पहचान एवं सत्यापन अभियान को और अधिक व्यापक बनाया जाए। पुलिस को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध पाया जाए या उसके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज न हों, तो उसे तुरंत डिटेन किया जाए।





एक शेर की दहाड़ इतनी तेज होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।
**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।
**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।
**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।
**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।
**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यत: आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।
**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।
**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।
**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।
**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।
**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी :** आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।
**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।
**मातृ देखभाल सेवाए :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।
**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर



अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

### रेलवे ग्रुप डी की नौकरी

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात है: इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।
**शॉर्टकट की चाहत: एक खतरनाक जाल :** सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।
**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग :** छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।
**स्किल्स सीखें:** सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।
**नेटवर्किंग करें:** लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें:** अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।
**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें:** सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।
**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें:** सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उत्तरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्डोवा

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप



सिरसा। कथा से पूर्व संध्या फेरी निकालते हुए।

### शिव मंदिर गांधी कॉलोनी से निकाली संध्या फेरी

**सिरसा।** प्रभु भक्तों ने बृहस्पतिवार को श्री शिव मंदिर गांधी कॉलोनी से संध्या फेरी निकाली। नगरवासियों को प्रभु भक्ति से जोड़ने के लिए दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से यह फेरी निकाली गई। दिव्या ज्योति जागृति संस्थान के प्रवक्ता स्वामी प्रेम प्रकाशानंद ने कहा कि संस्थान की ओर से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आगामी 5 सितंबर से 11 सितंबर तक अनाजमंडी सिरसा में किया जाएगा।

### शीशपाल झोरड़ बने अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश उपाध्यक्ष



**सिरसा।** शीशपाल झोरड़ को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संस्था द्वारा जारी किए गए नियुक्ति पत्र में सिरसा से शीशपाल झोरड़ को सौंपी जिम्मेदारी पर झोरड़ ने कहा कि संस्था के हित में वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

### डॉ. अनिल को मिलेगा ब्रांडमैन इंडिया अवार्ड

**सिरसा।** सिरसा में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले डॉ. अनिल धानुका ने अपनी मेहनत, लग्न और लगातार प्रयास के बलबूते नए आयाम को हासिल करने का काम किया है। डॉ. अनिल धानुका द्वारा शिक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर ब्रांडमैन इंडिया द्वारा अपनी मोहर लगाई गई है। उन्हें ग्लोबल बिजनेस लीडर अवार्ड-2025 के लिए चुना गया है।

### दो प्राध्यापकों की साहित्यिक कृतियां हुई प्रकाशित

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के दो वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सत्यपॉल और डॉ. अशोक कुमार की दो विशिष्ट साहित्यिक कृतियां हाल ही में प्रकाशित हुई हैं।

## उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक ने उपायुक्त मनदीप कौर को लिखा पत्र

# बाल भवन में रीडिंग रूम, किताबें बस स्टैंड पर, दो जगह बिखरा पड़ा हैं जिला पुस्तकालय


- पुस्तकालय संचालन के लिए उपयुक्त और उचित भवन की तलाश करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुस्तकालय की अव्यवस्थित स्थिति को लेकर प्रदेश के उच्चतर शिक्षा विभाग के महानिदेशक एस. नारायणन ने उपायुक्त मनदीप कौर को पत्र लिखकर तुरंत एक उपयुक्त भवन की तलाश करने के निर्देश दिए हैं, ताकि पुस्तकालय को एक ही स्थान पर सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। सूचना के अधिकार के तहत पुस्तकालय के आजीवन सदस्य राधेश्याम सोनी ने यह सूचना आरटीआई एक्ट के तहत प्राप्त की है।

आरटीआई द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार, उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा 15 जुलाई को जारी पत्र के मुताबिक फिलहाल जिला पुस्तकालय का रीडिंग रूम बाल भवन, ठाकर बस्ती में चल रहा है, जबकि पुस्तकें व अलमारियां अभी भी नए बस स्टैंड परिसर की दूसरी मंजिल पर रखी हुई हैं। इससे पुस्तकालय दो भागों में विभाजित हो गया है, जिससे छात्रों और पाठकों को भारी असुविधा हो रही है। पत्र में बताया गया है कि नए स्थान पर किराया हरियाणा रोडवेज द्वारा लिया जाएगा, जबकि पूर्व में बीडीपीओ भवन निःशुल्क उपलब्ध था। यह व्यवस्था न तो व्यवहारिक है और न ही दीर्घकालिक समाधान। महानिदेशक ने डीसी को निर्देश दिए है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय संचालन के लिए तुरंत कोई उपयुक्त और उचित भवन की तलाश करें।

स्थानीय छात्र, प्रतियोगी परीक्षार्थी और पुस्तक प्रेमी लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि फतेहाबाद में एक आधुनिक और सुविधायुक्त जिला पुस्तकालय बनाया जाए। अब जब उच्च शिक्षा विभाग से स्पष्ट निर्देश आ चुके हैं, तो जनता को उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई करेगा। जिला पुस्तकालय की अव्यवस्थित स्थिति को लेकर महानिदेशक द्वारा डीसी को पत्र लिखने पर पुस्तकालय संघर्ष समिति के संयोजक व लाइब्रेरी के सदस्य मोहन लाल नारंग ने संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति लंबे समय से मांग कर रही है कि फतेहाबाद के जिला पुस्तकालय को एकीकृत, सुविधायुक्त और शांत भवन में संचालित किया जाए। नारंग ने कहा कि यह पत्र दर्शाता है कि पुस्तकालय की वर्तमान बिखरी हुई व्यवस्था, जहां अध्ययन कक्ष-रीडिंग रूम एक स्थान पर है और पुस्तकें व अलमारियां दूसरी जगह - न तो व्यवहारिक है और न ही छात्रों व पाठकों के हित में। संघर्ष समिति ने डीसी से अपील की कि वह फतेहाबाद को आधुनिक पुस्तकालय तथा ज्ञान साधकों का केंद्र विकसित करने की दिशा में तुरंत सार्थक कदम उठाएं।





फतेहाबाद। डीसी को महानिदेशक द्वारा भेजा गया पत्र और बाल भवन में चल रहा अस्थाई जिला पुस्तकालय।



सिरसा। अधिकारियों और खाद विक्रेता कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक लेते निदेशक डा. राम प्रताप। *फोटो : हरिभूमि*

## किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद न दें विक्रेता : सिहाग

- कृषि विभाग के अधिकारियों व खाद विक्रेता कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संयुक्त निदेशक (कपास) डा. राम प्रताप सिहाग ने कहा कि खाद विक्रेता किसानों को खाद के साथ अन्य उत्पाद न दें। डॉ. राम प्रताप शुक्रवार को कृषि विभाग के अधिकारियों व खाद विक्रेता कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने खाद विक्रेता कंपनियों के प्रतिनिधियों से खाद की सप्लाई बारे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खाद रैक सिरसा पहुंचने से 7 दिन पहले सभी कंपनियां कृषि विभाग को सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को समय पर सुचारू रूप से खाद उपलब्ध करवाई जा सके। कंपनियां जिला सिरसा को प्राप्त होने वाले प्रत्येक खाद रैक में से सरकारी हिदायतों अनुसार 40 प्रतिशत खाद का कोटा हैफेड को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का टैगिंग मैटिरियल किसानों को न दें।

### नियमानुसार कार्रवाई करें सुनिश्चित

जिला सिरसा की सभी खाद विक्रेता कंपनियों व डीलरों की गहनता से जांच करें, मशीन में खाद के स्टॉक व दुकान में उपलब्ध खाद का मिलान करें, खाद के गोदाम का निरीक्षण करें, स्टॉक बोर्ड को दुकान के बाहर प्रदर्शित करवाएं तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रतिदिन की गई कार्यवाही की रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाएं। उन्होंने कहा कि खाद की कालाबाजारी, टैगिंग की शिकायत मिलने पर नियमानुसार सख्त से सख्त कार्यवाही करें व खाद वितरण का कार्य अपनी निगरानी में करवाएं।

*सीएम विंडो, पंचायत विभाग में दी शिकायत*

## चुहड़पुर में पंचायती जमीन पर कब्जे का आरोप, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/जाखल

जाखल ब्लॉक के गांव चुहड़पुर में पंचायत की जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। गांव के पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव की महिला सरपंच और एक पंच ने पंचायत की जमीन पर कब्जा कर वहां फसल की बिजाई दी है और रास्ते बंद कर दिए हैं, जिससे गरीब परिवारों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट दिए थे और उनके लिए 11-11 फुट चौड़े रास्ते छोड़े गए थे, लेकिन सरपंच और पंच ने इन रास्तों पर भी कब्जा कर लिया है। इसके अलावा उनके घर को जाने वाले रास्ते पर भी कब्जा कर दिया गया है। कब्जे की वजह से बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने सीएम विंडो, पंचायत विभाग और उपायुक्त फतेहाबाद को कई बार शिकायत दी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। उनका कहना है कि अधिकारियों की मिलीभगत से शिकायतों को दबा दिया जाता है और सीएम विंडो पर झूठी रिपोर्ट लगाकर मामला खत्म कर दिया जाता है। राजेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने राजस्व विभाग की ओर से की गई निशानदेही भी अधिकारियों को दिखाई है, जिसमें साफ दिखाई देता है कि सडक़ पर कब्जा कर वहां कमरे बना लिए गए हैं और खेत में फसल बोई जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, कब्जा हटवाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव के गरीब परिवारों को उनका हक और रास्ता मिल सके। इस मामले में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि उनके पास इस तरह की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर शिकायतकर्ता दस्तावेजों सहित सबूत पेश करता है, तो इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



जाखल। गांव चुहडपुर के पंच प्रतिनिधि पंचायती जमीन पर कब्जे की जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### आरटीआई लगाने से खफा होकर किसान पर बोला था हमला, दो काबू

**फतेहाबाद।** एक किसान के साथ मारपीट करने व जान से मारने की धमकी से संबंधित गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान महेंद्र कुमार पुत्र सुनाम चंद और संजीव कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी गांव कलोठा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गांव कलोठा निवासी बलदेव कुमार की शिकायत पर की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 11 जुलाई को जब वह अपने खेत जा रहा था, तब रास्ते में संजीव कुमार, प्रेम कुमार, महेंद्र कुमार व अन्य ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और उसे जान से मारने की धमकी दी। बलदेव का आरोप है कि आरोपित उस पर आरटीआई और न्यायालय में चल रहे मामलों को वापस लेने का दबाव बना रहे थे, और विरोध करने पर उन्होंने बलदेव व उसके पिता बूटा राम पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

*मेले में 568 प्रशिक्षणार्थी हुए शामिल*

## रोजगार मेला : 289 विद्यार्थियों का नौकरी के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सिरसा में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह प्लेसमेंट ड्राइव खरखौदा प्लांट के लिए आयोजित की गई थी। संस्थान के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि इस रोजगार मेले में फिटर, वेल्डर, पेंटर, तकनीशियन ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, फाउंड्रीमैन, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, शीट मेटल वर्कर, टूल एंड डाई (प्रेस टूल और जिग्स), टर्नर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट (ग्राइंडर), एमएमवी, मैकेनिकल डीजल, मैकेनिकल ट्रैक्टर, मैकेनिक ऑटो बॉडी पेंटिंग, मैकेनिक ऑटो बॉडी रिपेयर एवं टूल एंड डाई (डाई और मोल्ड) जैसे विभिन्न ट्रेड से संबंधित 568 प्रशिक्षणार्थी (छात्र/छात्राएं) शामिल हुए। उनमें से 16 छात्राओं ने शिक्षुता हेतु लिखित परीक्षा दी जिसमें 13 छात्राओं ने यह परीक्षा पास की।

वहीं प्लेसमेंट के लिए 552 छात्रों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 314 छात्रों ने परीक्षा पास की। इनमें से 12 छात्राओं को शिक्षुता के लिए तथा 289 छात्रों का एफटीई (प्लेसमेंट) हेतु चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षुता के दौरान 19,300 प्रति माह तथा प्लेसमेंट (एफटीई) के लिए 28,000 प्रति माह मानदेय दिया जाएगा। राजकीय आईटीआई सिरसा के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाने हेतु भविष्य में भी इस प्रकार के कैंपस इंटरव्यू एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।




सिरसा। रोजगार मेले में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### कारगिल विजय दिवस पर संगम स्कूल में हुए विभिन्न मुकाबले



सिरसा। कारगिल विजय दिवस पर प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

**सिरसा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर संगम स्कूल भरोखां में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देना और बच्चों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा बनाने की प्रतियोगिता से हुई, जिसमें स्कूल के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके बाद, शहीदों को सलाम और ड्राइंग कंपीटिशन का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया। इसके अलावा, देशभक्ति की कविताएं और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने अपनी कविताओं और भाषणों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता और अभिव्यक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में, विजेताओं को पुरस्कार दिए गए और सभी बच्चों को देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक छगन सेठी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देश के शहीदों की शहादत की याद दिलाता है। हमें अपने देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

### भाजपा कार्यकर्ता सीईटी परीक्षार्थियों की करेंगे हर संभव मदद



फतेहाबाद। परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते बीजेपी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में 26 व 27 जुलाई को होने वाली सीईटी परीक्षाओं के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सहायता के लिए भाजपा कार्यकर्ता भी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में पूरी तरह से तैयार और सक्रिय हो गए हैं। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि फतेहाबाद में कुल 38 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां हजारों की संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। यह परीक्षा दो दिन तक चार सत्र में सम्पन्न होगी। अन्य जिलों से भारी संख्या में परीक्षार्थी हमारे जिले में आएंगे। ऐसे में उन्हें कोई असुविधा ना हो, इसके लिए फतेहाबाद में 8 धर्मशालाओं को बुक किया गया है, जहां परीक्षार्थियों व उनके साथ आने वाले अभिभावकों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जिला परिवहन निगम के 11 रूटों पर लगातार बस अड्डे से परीक्षा केंद्र तक विद्यार्थियों को पहुंचाने में भाजपा के कार्यकर्ता भी पूरी सहायता करेंगे। इस अभियान के लिए जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने मनजीत शर्मा को संयोजक व कंवल चौधरी और विजय जांगड़ा को सहसंयोजक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने परीक्षा केन्द्रों व धर्मशालाओं की व्यवस्था का जायजा भी लिया।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




सिरसा। पौधरोपण का संतेश देते न्यायाधीश व अधिवक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुहिम 'हरा-भरा सिरसा, ए फस्ट स्टेप बाय डीएलएसए सिरसा' के तहत जिला में 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में न्यायाधीश, अधिकारियों व कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व क्लर्कों ने अपने घरों के बाहर पौधे लगाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीश जिंदिया ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम के तहत सिरसा जिला में 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जो कि 40 दिन में अपने लक्ष्य को पूरा करेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस मुहिम में न्यायिक दंडाधिकारी फैमिली कोर्ट कृष्ण कांत, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सीमा सिंघल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश सिंघल, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट सुमित गर्ग, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश नवजीत क्लेर, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मुनीश नागर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष भगोटिया, न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्रिंसिपल मैजिस्ट्रेट जेजेबी/अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) राकेश कादयान आदि ने अपने-अपने घरों के बाहर पौधे लगाकर सहयोग किया।

### लाखों की चोरी के मामले में गहने व नकदी बरामद



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में भूना में चोरी के आरोप में पकड़े गए तीनों युवक।

**फतेहाबाद।** जिलेभर में अपराध नियंत्रण व आपराधिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। भूना क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने करीब 5 लाख रुपये के गहने और 3 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को अदालत से रिमांड पर लिया था, जिनसे गहन पूछताछ के बाद बड़ी मात्रा में चोरीशुदा सामान की बरामदगी की गई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना भूना में दर्ज एक मामले में की गई है। शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र रामलाल निवासी अग्रवाल कॉलोनी, भूना ने 5 जुलाई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 जुलाई की रात वह अपने परिवार सहित एक विवाह समारोह में गए हुए थे। 5 जुलाई की तडक़े लगभग 2:30 बजे घर लौटने पर उन्होंने पाया कि मकान का मुख्य द्वार टूटा हुआ है और कमरों का सामान बिखरा पड़ा है।

### भट्टा संचालकों से ऑनलाइन ठगी मामला दर्ज

**रानियां।** ऑनलाइन ठगी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। ठग हर दिन नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रानियां क्षेत्र के दो भट्टा संचालकों और उनके सहयोगियों के साथ सामने आया है। जानकारी अनुसार 21 जुलाई को भ_ा संचालकों के पास एक फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने तत्काल ईंटें भेजने की मांग की, यह कहते हुए कि एक स्थान पर चिनाई का काम चल रहा है। ठगों ने भट्टा संचालकों द्वारा बताई गई राशि उनके और उनके सहयोगियों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। राशि जमा होने की पुष्टि के बाद, भट्टा संचालकों और उनके सहयोगियों के खातों से ही 44,000 रुपये कट गए। पीड़ित भट्टा संचालकों और उनके सहयोगियों ने इस ऑनलाइन ठगी की शिकायत सिरसा साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है।

**जागरूकता** शक्कर मंदौरी में आयोजित कृषि मेले में 400 किसानों ने लिया भाग

# किसानों को गुलाबी सुंडी नियंत्रण की दी जानकारी



सिरसा। किसानों को संबोधित करते कृषि उप निदेशक डॉ. सुखदेव कंबोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

गांव शक्कर मंदौरी में शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कपास उत्पादन व क्षेत्रफल बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषि मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 400 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि उप निदेशक डॉ. सुखदेव कंबोज ने की। कृषि उप निदेशक डॉ. कंबोज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार व कृषि विभाग किसानों की आय को बढ़ाने, कॉटन की खेती को लाभदायक बनाने और जलवायु अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे विभागीय योजनाओं का लाभ लें और समय पर वैज्ञानिक सलाह के अनुसार कपास की खेती करें। डॉ. देवेंद्र जाखड़ ने मिट्टी जांच की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि मिट्टी की गुणवत्ता को समझे बिना उर्वरक का प्रयोग करना न केवल नुकसानदायक होता है, बल्कि इससे उत्पादन भी प्रभावित होता है। उन्होंने फर्टिलाइजर के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। मेले में वैज्ञानिकों ने गुलाबी सुंडी की रोकथाम, मिट्टी जांच, फसल बीमा, पराली प्रबंधन, सिंचाई योजनाएं व सरकारी स्कीमों की जानकारी दी। किसानों को दो-दो फेरोमोन ट्रैप भी वितरित किए गए।

### समस्याओं को किया समाधान

अंत में किसानों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछकर अपनी समस्याओं का समाधान पाया। गांव में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र सिरसा से कृषि वैज्ञानिक डॉ. देवेंद्र जाखड़, डॉ. राकेश कुंट, डॉ. कोमल, डॉ. शैलेन्द्र सहारण, खंड कृषि अधिकारी विजय रंगा मौजूद रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने की मंडल प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्तियां

**सिरसा।** भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला प्रभारी वेद फुल्ला से विचार-विमर्श उपरांत जिले के प्रत्येक मंडल में मंडल प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्तियां की हैं। सिरसा विधानसभा में सिरसा नगर मंडल प्रथम में प्रभारी सुमन सैनी व सह प्रभारी स्मृति सिन्हा, सिरसा नगर मंडल द्वितीय में मीरा देवी प्रभारी व बलजिंद्र जोसन को सह प्रभारी, सिरसा नगर मंडल तृतीय में प्रभारी कपिल सोनी, सिरसा ग्रामीण मंडल में प्रभारी वीरेंद्र सिंह तिन्ना को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार ऐलनाबाद विधानसभा में ऐलनाबाद मंडल प्रभारी निक्कूराम फौजी, पोहड़कां मंडल प्रभारी नरेश कटारिया, जमाल मंडल प्रभारी भूराराम डूडी व चोपटा मंडल प्रभारी रवि लढा को नियुक्त किया गया है। इसी कड़ी में रानियां विधानसभा में रानियां मंडल प्रभारी बुधराम शर्मा, चक्कां मंडल प्रभारी ललित मोहन पोपली, करीवाला मंडल प्रभारी डॉ. गंगासागर केहरवाला, सहप्रभारी संतोष रानी व खारियां मंडल प्रभारी के रूप में अमरीक सिंह राही को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार जिला महामंत्रियों को भी मंडल आवंटित किए गए हैं, जिनमें अंबर कुमार को सिरसा नगरमंडल प्रथम, सिरसा ग्रामीण मंडल, रानियां मंडल, चक्कां मंडल, करीवाला मंडल, खारियां मंडल का दायित्व सौंपा गया है। वहीं हनुमान कुंडू को सिरसा नगर मंडल द्वितीय, सिरसा नगरमंडल तृतीय, ऐलनाबाद मंडल, पोहडक़ा मंडल, जमाल मंडल व चोपटा मंडल का कार्यभार सौंपा गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश नेतृत्व व जिला नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## खबर संक्षेप

### जिले में नशा मुक्ति केंद्र में शिविर आयोजित

**फतेहाबाद।** नशा मुक्ति केंद्र फतेहाबाद में नशे को छोड़ने के लिए कैंप लगाया गया, जिसमें लोगों को नशों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। आयुष योग सहायक सुरेंद्र कुमार व पतंजलि योग समिति के चंद्र प्रकाश आर्य ने लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए बेहद खतरनाक है, इसलिए, युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए। नशीले पदार्थों का सेवन मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशे की बुराई के कारण ही समाज और परिवार में चोरी और झगड़ा जैसी वारदात जन्म लेती है, इसलिए हम सब को मिलकर इस बुराई को खत्म करना करवाने में योगदान देना चाहिए।

### हादसे में मोटरसाइकिल सवार की मौत, केस

**ओढां।** ओढ़ा से चकेरियां के बीच कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को ओढ़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान 28 वर्षीय लखबीर पुत्र गोगी सिंह निवासी चकेरियां के रूप में हुई। राहगीरों ने बताया कि बाइक सवार युवक ओढ़ा से गांव चकेरियां की ओर जा रहा था। पट्रोल पंप के पास तेज गति से कार ने मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।

### प्रो. अनु शुक्ला को अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग की प्रो. अनु शुक्ला को डीन, इंटरनेशनल रिलेशन एंड फॉरेन अफेयर्स का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। यह कार्यभार उन्हें तुरंत प्रभाव से, आगामी आदेशों तक उनके मूल कार्यों के साथ-साथ सौंपा गया है। प्रोफेसर शुक्ला के पास यह कार्यभार पहले भी था और उनके अथक प्रयासों के फलस्वरूप सीडीएलयू में पहली बार 12 विदेशी पीएचडी शोधार्थी पंजीकृत हुए थे।

### पशु क्रूरता मामले में दो गिरफ्तार, केस

**डबवाली।** पुलिस ने पशु क्रूरता के मामले में दो आरोपियों को गांव चौटाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस को पिकअप गाड़ी से तीन पशु मृत मिले हैं। शुक्रवार को चौटाला चौकी प्रभारी आनंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी आई। पुलिस ने उसे जांच के लिए रोका तो उसमें ठूंस-ठूंस कर भेड़-बकरियां भरे हुए थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरजीत सिंह, जगदेव राम निवासी पंजाब के रूप में हुई है।

### गुल्लक से दानराशि चुराने वाला दबोचा

**रानियां।** पुलिस ने गुरुद्वारा श्री ढाणी स्वरूप सिंह से गुल्लक तोडक़र चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विजयपाल के रूप में हुई है।

### विद्यार्थी स्कूल में रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर पहुंचे, रंगारंग दी प्रस्तुति

# क्रेसण्ट स्कूल में धूमधाम से सम्पन्न हुई प्रेम समर्पण व सजीवता की प्रतीक हरियाली तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता-पिता के स्वागत एवं तिलक समारोह के साथ हुई। प्रधानाचार्या एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली व दूसरी के नन्हे- मुन्ने विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने 'मेरा आपकी कृपा से' गीत पर संगीत प्रस्तुति तथा कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने 'चल मेले नु चलिए' गीत पर गिद्दा प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा दूसरी के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने रैंप वॉक एवं कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने 'माथे चमके बोरला' पर राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के छात्र-छात्राओं ने 'मेरी बारी, अब तेरी बारी' गीत पर समापन नृत्य कर कार्यक्रम को ऊर्जावान बना दिया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने नृत्य, गीत, कविता एवं रैंप वॉक जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मेहंदी प्रतियोगिता रहा जिसमें कक्षा पहली, चौथी एवं पाँचवीं के विद्यार्थियों की माताओं ने सुंदर और रचनात्मक डिजाइन बनाकर तीज की परंपरा को जीवंत किया। कार्यक्रम में फनी गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, प्रेम एवं पारंपरिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज न केवल हमें सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ता है बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्यों को भी याद दिलाता है।






फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में तीज उत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी तथा आदर्श स्कूल दरियापुर में तीज उत्सव पर प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### आदर्श स्कूल दरियापुर में तीज उत्सव का धूमधाम से आयोजन

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकंडरी स्कूल दरियापुर में तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न नृत्यों का प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने तीज के अवसर पर अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। विद्यालय के एमडी दर्शन मेहता, प्रधानाचार्या अंजलि मेहता, उप-प्रधानाचार्या सीमा कोचर और निदेशक साहिल मेहता ने तीज के अवसर पर सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीज का त्योहार हमें अपने परिवार और समाज के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। तीज का त्योहार हमें प्रेम, सम्मान और एकता का संदेश देता है।



फतेहाबाद। हिजरावां कलां में तीज पर प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### हिजरावां के सरकारी स्कूल में मनाई हरियाली तीज

**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीज महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के प्रधानाचार्य बलविन्द्र खुराना ने सभी को हरियाली तीज की शुभ कामनाएं दी। समारोह में कक्षा छठी से बारहवी तक के विद्यार्थियों ने पंजाबी भंगड़ा, गिद्दा, हरियाणवी नृत्य एवं तीज से सम्बन्धित मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही विद्यालय स्थफ के सदस्यों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालम छात्राओं ने मेहन्दी लगाओ प्रतियोगिता में भी भाग लिया और अपने हाथों पर सुंदर मेहंदी सजाई। अन्त में तीज महोत्सव में प्रस्तुति देने एवं मेहन्दी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मेहन्दी प्रतियोगिता में नौंवी से पायल प्रथम, 10वीं की किरण द्वितीय तथा 11वीं की रेशमा तृतीय रही। प्रियंका और शिवानी को विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता हंसराज, राजबीर, कौशल, सन्तलाल, नन्दलाल, स्वाति, पूजा कुमारी, ममता, सुमेधा, रजनीश, प्रीतम ललिता, गुरदयाल आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में तीज पर झूलों का आनंद लेती छात्राएं व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# डीएवी पुलिस स्कूल में मनाया तीज उत्सव

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद में तीज का त्योहार बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल ने मेहंदी और पोस्टर मेकिंग सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिनमें छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को पारंपरिक सजावटों और झूलों से सजाया गया था और छात्रों ने रंगीन पारंपरिक परिधानों में भाग लिया। महोत्सव में, छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो तीज के त्योहार के महत्व और पारंपरिक मूल्यों को दर्शाते हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अमिता सिंह ने छात्रों को तीज के त्योहार के महत्व और इसके पीछे की पौराणिक कथा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तीज पर्व भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमें प्रकृति, परिवार, पर्यावरण और धार्मिक परंपराओं से जोड़ता है। प्रधानाचार्या ने छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस उत्सव का उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक जागरूकता और पारंपरिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिताओं ने छात्रों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा दिखाने का एक मंच प्रदान किया। प्रधानाचार्या ने प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया। भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्कूल के प्रयास छात्रों के उत्साह और भागीदारी में स्पष्ट दिखाई दिए। समारोह का समापन हर्षोल्लास और उपलब्धि की भावना के साथ हुआ, जिसने आधुनिक समय में सांस्कृतिक विरासत के महत्व को उजागर किया।

- विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा और परंपरा का प्रदर्शन



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में तीज पर हाथों पर लगाई मेहंदी दिखाती छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### प्रतापगढ़ में मनाया जाएगा हरियाली तीज महोत्सव : केडिया

**सिरसा।** श्री सर्वहितकारिणी सभा द्वारा 27 जुलाई को प्रतापगढ़ पार्क में हरियाली तीज महोत्सव मनाया जाएगा। शाम 5 बजे से लेकर रात 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस मेले में हजारों की संख्या में महिलाएं व युवतियां भाग लेंगी। सभा के अध्यक्ष नवीन केडिया ने बताया कि प्रतापगढ़ मेले में हर साल हरियाली तीज पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसी तर्ज पर इस बार भी 27 जुलाई को शाम 5 से 8 बजे तक मेला लगेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से इस मेले में शामिल होकर तीज की खुशियां सांझी करने का आह्वान किया। केडिया ने कहा कि हरियाली तीज महिलाओं के सौभाग्य से जुड़ा हुआ त्योहार है और हरियाणा में इसे विशेष तौर पर मनाया जाता है। यह हमारी परंपराओं और संस्कृति से जुड़ा हुआ त्योहार है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, बैठने और पेयजल का प्रबंध भी किया गया है। साथ ही मेले में झूले, खिलौने और खाने पीने की स्टालें, बच्चों से जुड़ी आइटमों की स्टालें आदि भी लगाई जाएंगी।

### बीएड कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया तीज उत्सव पारम्परिक शैली में सजा झूला बना आकर्षण का केन्द्र

**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन फतेहाबाद में आज हरियाली तीज का पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है और विशेष रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति के सौंदर्य, हरियाली, और सौभाग्य की कामना का प्रतीक होता है। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को फूलों, बंदनवारों और पारंपरिक सजावटी वस्तुओं से अत्यंत आकर्षक रूप से सजाया गया। छात्राओं ने पारम्परिक परिधानों में सज-धज कर कार्यक्रम में भाग लिया। लोकगीतों, तीज गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। इस विशेष अवसर पर कॉलेज में एक भव्य झूले की व्यवस्था की गई, जो इस उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहा। यह झूला पारम्परिक शैली में सजाया गया था, जिसमें फूलों की मालाएं, रंगीन रिबनों और पारंपरिक कपड़ों से सुसज्जित पृष्ठभूमि थी। यह झूला न केवल उत्सव की शोभा बढ़ा रहा था, बल्कि छात्राओं के लिए आनंद और स्मृति का केंद्र बिंदु भी बना। फोटो सेशन और झूले पर बैठने की उत्साही भागीदारी ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. गुंजन बजाज ने अपने संबोधन में हरियाली तीज के सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्व को रेखांकित किया।

# फतेहाबाद शहर में सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया शीघ्र होगी पूरी

- पोर्टल पर दर्ज हो रही सफाई कर्मियों की हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेते हुए निर्देश दिए कि सभी विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाएं निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएं ताकि आमजन को इनका वास्तविक लाभ मिल सके। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो, जनसंवाद पोर्टल और समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान कर एटीआर पोर्टल पर अपडेट किया जाए। पीएनडीटी एक्ट के तहत को लेकर भी दिशा निर्देश दिए।




फतेहाबाद। अधिकारियों की मासिक बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते एडीसी अनुराग ढालिया। फोटो: हरिभूमि

# प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान का चुनाव 27 को

- विकास टुटेजा ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला एवं खण्ड कार्यकारिणी की बैठक जिला प्रधान विकास टुटेजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला प्रधान विकास टुटेजा ने कार्यकारिणी सदस्यों के समक्ष संघ के जिला प्रधान पद से त्याग पत्र देने की बात रखी, जिसे सदस्यों द्वारा स्वीकार कर लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि संघ के नए जिला प्रधान का चुनाव 27 जुलाई को किया जाएगा। बता दें कि विकास टुटेजा हाल ही में जेबीटी से टीजीटी पद पर पदोन्नत हुए हैं।बैठक में संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया ने बताया कि गत 1 फरवरी को टीजीटी गणित के पद पर पदोन्नत होने पर विकास टुटेजा ने जिला प्रधान पद से त्याग पत्र देने की बात कही थी, परन्तु उस समय इन्हें केवल यह कह कर रोक दिया गया था कि प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा मई माह में होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह के बाद ही उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा। विकास टुटेजा ने बताया कि संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया ने वर्ष 2007 में उन्हें प्राथमिक शिक्षक संघ से जोड़ा था और इन्हें अपना गुरु मानते हुए इन्ही के मार्गदर्शन में जिला उपप्रधान, जिला महासचिव और तीन बार लगातार जिला प्रधान पद पर रहकर प्राथमिक शिक्षकों एवं प्राथमिक स्कूलों के हितों के लिए आवाज उठाई है। अब जबकि उनके गुरु देवेन्द्र दहिया 31 जुलाई को शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे हैं इसलिए उन्होंने पद छोड़ दिया है।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष पवन चमारखेड़ा, जिला संगठन सचिव अनूप गोरा, खण्ड फतेहाबाद प्रधान अशोक मिघानी, सचिव रोहताश कुमार, कोषाध्यक्ष शमशेर सिंह, संगठन सचिव दिनेश मैहता, खण्ड रतिया से प्रधान पवन पचार, अनिल जांगड़ा, खण्ड भट्टू प्रधान अजित छाबा व अन्य मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता 3 अगस्त से

**फतेहाबाद।** जिला योगासन खेल संघ फतेहाबाद द्वारा जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता 3 अगस्त रविवार को करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के पुरूष और महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। यह निर्णय जिला योगासन खेल संघ सम्बंधित हरियाणा राज्य योग संघ एवं भारतीय योग महासंघ की आज हुई बैठक में लिया गया। यह बैठक संगठन के वरिष्ठ उप प्रधान रणदीप सिंवर के निवास स्थान गिलांखेड़ा पर हुई। बैठक में संगठन के महासचिव दारा सिंह आर्य, संरक्षक रण सिंह माचरा, सदस्य नरेंद्र लूणा, अनिल कुमार, उग्रसैन कड़वासरा आदि उपस्थित थे। जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए संगठन के महासचिव दारा सिंह बोदीवाली ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 अगस्त रविवार को प्रातः 9 बजे से सुंदर नगर, पंचायत भवन फतेहाबाद के पास स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में करवाई जाएगी। इसमें सब जूनियर ग्रुप-ए में 8-10 वर्ष, लडक़े-लड़कियां, सब जूनियर ग्रुप-बी में 10-14 वर्ष, लडक़े-लड़कियां, जूनियर ग्रुप-ए में 14-18 साल, लडक़े-लड़कियां, सीनियर ग्रुप-ए में 18-25 वर्ष, पुरुष-महिलाएँ, सीनियर ग्रुप-सी में 25-30 वर्ष, पुरुष व अन्य मुकाबलें होंगे।

### जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारियां शुरू

- नगराधीश ने ली बैठक

**फतेहाबाद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस लाइन प्रांगण में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर नगराधीश गौरव गुप्ता ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगराधीश ने बताया कि आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस लाइन प्रांगण में भव्यता व गरिमा के साथ मनाया जाएगा। नगराधीश ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रमों की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की जाए, जिससे देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम की भावना जनमानस में जागृत हो। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम प्रेरणादायक व शिक्षाप्रद हों। उन्होंने विशेष रूप से स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गुणवत्तापूर्ण तैयारी पर जोर दिया। बैठक में नगराधीश गौरव गुप्ता ने समारोह स्थल की साफ-सफाई, साज-सज्जा, स्वागत गेट निर्माण, स्टेज प्रबंधन, पीने के पानी की व्यवस्था, वीआईपी टॉयलेट, पार्किंग व्यवस्था, मार्च पास्ट व ध्वजारोहण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित विभागों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोजन से पूर्व शहर के सभी चौक-चौराहों की सफाई, शहीदी स्मारकों की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

### सेना भर्ती परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों की सूची जल्द होगी जारी

- हिसार मिलिट्री स्टेशन में 1 अगस्त से 13 अगस्त तक आयोजित होगी भर्ती रैली

**फतेहाबाद।** भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) 2025-26 में भाग लेने वाले अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल/ अग्निवीर ट्रेड्समैन, सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट/ नर्सिंग असिस्टेंट वेटरिनरी, सिपाही फार्मा, रिलीजियस टीचर जूनियर कमीशन ऑफिसर, जूनियर कमीशन ऑफिसर कैटरिंग, हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर, हवलदार एजुकेशन श्रेणी के चयनित उम्मीदवारों की सूची वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जाएगी। उम्मीदवार अपना रिजल्ट वेबसाइट पर जरुर जांच कर लें। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा का परिणाम उम्मीदवारों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस और उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी भेजा जायेगा। चयनित उम्मीदवारों कि भर्ती रैली 1 अगस्त से 13 अगस्त तक हिसार मिलिट्री स्टेशन में आयोजित की जाएगी।

### धांगड़ व भोडिया खेड़ा में विद्यार्थियों को शिक्षा व रोजगार के बारे में किया जागरूक

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 21 से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत जिला के विभिन्न स्कूलों में व्यावसायिक मार्गदर्शन से संबंधित प्रोग्राम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सप्ताह के अंतिम दिन पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांगड़ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोडिया खेड़ा में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को शिक्षा व रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया। इस दौरान सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, निजी क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों बारे मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से अपने अंदर कौशल का विकास करके निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाते हुए जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. शारदा बिश्नोई, प्राध्यापक इंद्र सिंह व रोजगार कार्यालय से सतपाल उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### स्वामी नगर में घुसकर हमला करने के मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** स्वामी नगर में एक घर में घुसकर हमला करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विजय उर्फ सीनिया पुत्र पाली मांगे राम निवासी रविदास चौक, डीएसपी रोड, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस मामले में पहले ही तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि यह गिरफ्तारी सीता देवी पत्नी रमेश कुमार निवासी स्वामी नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर दर्ज मामले में की गई है। शिकायत के अनुसार, 4 जुलाई को शाम लगभग 6 बजे 10-12 युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर शिकायतकर्ता के घर पहुंचे और जबरन अंदर घुस आए। इनमें से कुछ युवक हथियारों से लैस थे जैसे तलवार, पिस्तौल, लोहे की रॉड व पाइप उनके पास थे।

### प्रशिक्षित मध्यस्थ विवाद सुलझाने में करेंगे मदद

# कोर्ट में नहीं अब गांवों में ही सुलझेंगे आपसी विवाद

- गांव धारनिया में शुरू हुआ जिला फतेहाबाद का पहला कम्युनिटी मीडिएशन सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से गांव धारनिया में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र खोला गया है। जिन मुकदमों एवं दरखास्तों में मध्यस्थता के माध्यम से विवाद समाप्त होने की संभावना है, उन मुद्दों एवं दरखास्तों को सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के समक्ष रखा जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि आमतौर पर देखा जाता है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर हुए विवाद अदालत तक पहुंच जाते हैं जिनका कई सालों तक केस चलता रहता है। अब ऐसे केस अदालत में जाने की बजाय सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में जाएंगे और केंद्र की टीम मध्यस्थता कर दोनों पक्षों में सुलह करवाने का काम करेगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर प्रदेश के हर जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र शुरू किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला ने इसमें पहल करते हुए प्रथम चरण में गांव धारनिया के ग्राम सचिवालय में इसकी शुरुआत कर दी है। इस सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में दो पक्षों में होने वाले छोटे-छोटे मामलों जैसे नाली विवाद, गली विवाद, प्लाट, जमीन को लेकर विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, पति-पत्नी का विवाद, आपसी झगड़ों का विवाद को आपसी मध्यस्थता करके विवाद समाप्त होने की संभावना है, ऐसे मामलों का निपटारा करना है।




फतेहाबाद। गांव धारनिया में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के शुभारंभ पर उपस्थित पैनल सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### तीन सदस्यों का पैनल नियुक्त

इस केंद्र में जिले भर से ग्रामीण क्षेत्र के मामलों को रखा जाएगा। इन केंद्रों पर तीन सदस्यों का पैनल नियुक्त किया गया है। धारनिया में बने सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र में हरदीप सिंह, संजय शर्मा व अलका रानी की नियुक्ति की गई है। यह सभी प्रशिक्षित मध्यस्थकार जिला में होने वाले लघु विवादों में दोनों पक्षों को सुनकर आपसी सहमति के द्वारा भाईचारा कायम रखते हुए विवादों का निपटान किया जाएगा। पैनल में शामिल सदस्यों को ज्यूडिशियल अकैडमी चंडीगढ़ में 40 घंटे का प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद उनकी नियुक्ति इस मध्यस्थता केंद्र के लिए की गई है। इससे कोर्ट में आने वाले मामलों की संख्या कम होगी और आमजन को भी राहत मिलेगी।